Ganesh Chalisa

Doha

जय गणपति सद्गुण सदन, करिवर बदन कृपाल।
विघ्न हरण मंगल करण, जय जय गिरिजालाल॥

Jay ganapti sadgun sadan, karivar badan kripal.
Vighna haran mangal karan, jay jay girijalal ||

Chaupai 1

जय जय जय गणपति गणराजू।
मंगल भरण करण शुभ काजू॥

Jay jay jay ganapti ganrajoo.
Mangal bharan karan shubh kajoo ||

Chaupai 2

जय गजबदन सदन सुखदाता।
विश्व विनायक बुद्धि विधाता॥

Jay gajabdan sadan sukhdata.
Vishva vinayak buddhi vidhata ||

Chaupai 3

वक्र तुण्ड शुचि शुण्ड सुहावन।
तिलक त्रिपुण्ड भाल मन भावन॥

Vakra tunda shuchi shunda suhavan.
Tilak tripunda bhal man bhavan ||

Chaupai 4

राजित मणि मुक्तन उर माला।
स्वर्ण मुकुट सिर नयन विशाला॥

Rajit mani muktan ur mala.
Svarna mukut sir nayan vishala ||

Chaupai 5

पुस्तक पाणि कुठार त्रिशूलं।
मोदक भोग सुगन्धित फूलं॥

Pustak pani kuthar trishoolam.
Modak bhog sugandhit phoolam ||

Chaupai 6

सुन्दर पीताम्बर तन साजित।
चरण पादुका मुनि मन राजित॥

Sundar pitambar tan sajit.
Charan paduka muni man rajit ||

Chaupai 7

धनि शिव सुवन षडानन भ्राता।
गौरी ललन विश्व-विख्याता॥

Dhani Shiv suvan shadanan bhrata.
Gauri lalan vishva-vikhyata ||

Chaupai 8

ऋद्धि-सिद्धि तव चँवर सुधारे।
मूषक वाहन सोहत द्वारे॥

Riddhi-siddhi tav chanvar sudhare.
Mooshak vahan sohat dvare ||

Chaupai 9

कहौं जन्म शुभ कथा तुम्हारी।
अति शुचि पावन मंगलकारी॥

Kahaun janma shubh katha tumhari.
Ati shuchi pavan mangalkari ||

Chaupai 10

एक समय गिरिराज कुमारी।
पुत्र हेतु तप कीन्हा भारी॥

Ek samay giriraj kumari.
Putra hetu tap kinha bhari ||

Chaupai 11

भयो यज्ञ जब पूर्ण अनूपा।
तब पहुँच्यो तुम धरि द्विज रूपा॥

Bhayo yagya jab poorna anoopa.
Tab pahunchyo tum dhari dvij roopa ||

Chaupai 12

अतिथि जानि के गौरी सुखारी।
बहु विधि सेवा करी तुम्हारी॥

Atithi jani ke gauri sukhari.
Bahu vidhi seva kari tumhari ||

Chaupai 13

अति प्रसन्न ह्वै तुम वर दीन्हा।
मातु पुत्र हित जो तप कीन्हा॥

Ati prasanna hvai tum var dinha.
Matu putra hit jo tap kinha ||

Chaupai 14

मिलहि पुत्र तुहि, बुद्धि विशाला।
बिना गर्भ धारण यहि काला॥

Milhi putra tuhi, buddhi vishala.
Bina garbha dharan yahi kala ||

Chaupai 15

गणनायक गुण ज्ञान निधाना।
पूजित प्रथम रूप भगवाना॥

Gannayak gun gyaan nidhana.
Poojit pratham roop bhagvana ||

Chaupai 16

अस कहि अन्तर्धान रूप है।
पलना पर बालक स्वरूप है॥

As kahi antardhan roop hvai.
Palna par balak svaroop hvai ||

Chaupai 17

बनि शिशु रुदन जबहिं तुम ठाना।
लखि मुख सुख नहिं गौरी समाना॥

Bani shishu rudan jabahin tum thana.
Lakhi mukh sukh nahin gauri samana ||

Chaupai 18

सकल मगन सुख मंगल गावहिं।
नभ ते सुरन सुमन वर्षावहिं॥

Sakal magan sukh mangal gavhin.
Nabh te suran suman varshavhin ||

Chaupai 19

शम्भु उमा बहु दान लुटावहिं।
सुर मुनिजन सुत देखन आवहिं॥

Shambhu uma bahu daan lutavhin.
Sur munijan sut dekhan aavhin ||

Chaupai 20

लखि अति आनन्द मंगल साजा।
देखन भी आये शनि राजा॥

Lakhi ati aananda mangal saja.
Dekhan bhi aaye shani raja ||

Chaupai 21

निज अवगुण गुनि शनि मन माहीं।
बालक देखन चाहत नाहीं॥

Nij avgun guni shani man mahin.
Balak dekhan chahat nahin ||

Chaupai 22

गिरिजा कछु मन भेद बढ़ायो।
उत्सव मोर न शनि तुहि भायो॥

Girija kachhu man bhed badhayo.
Utsav mor na shani tuhi bhayo ||

Chaupai 23

कहन लगे शनि मन सकुचाई।
का करिहौ शिशु मोहि दिखाई॥

Kahan lage shani man sakuchaee.
Ka karihau shishu mohi dikhaee ||

Chaupai 24

नहिं विश्वास उमा उर भयऊ।
शनि सों बालक देखन कह्यऊ॥

Nahin vishvas uma ur bhayaoo.
Shani son balak dekhan kahyaoo ||

Chaupai 25

पड़तहिं शनि दृग कोण प्रकाशा।
बालक सिर उड़ि गयो अकाशा॥

Padtahin shani drig kon prakasha.
Balak sir udi gayo akasha ||

Chaupai 26

गिरिजा गिरी विकल है धरणी।
सो दुख दशा गयो नहिं वरणी॥

Girija giri vikal hvai dharni.
So dukh dasha gayo nahin varni ||

Chaupai 27

हाहाकार मच्यो कैलाशा।
शनि कीन्ह्यो लखि सुत का नाशा॥

Hahakar machyo kailasha.
Shani kinhyo lakhi sut ka nasha ||

Chaupai 28

तुरत गरुड़ चढ़ि विष्णु सिधाये।
काटि चक्र सो गज सिर लाये॥

Turat garud chadhi Vishnu sidhaye.
Kati chakra so gaj sir laye ||

Chaupai 29

बालक के धड़ ऊपर धार्यो।
प्राण मन्त्र पढ़ शंकर डार्यो॥

Balak ke dhad oopar dharyo.
Pran mantra padh shankar daryo ||

Chaupai 30

नाम गणेश शम्भु तब कीन्हे।
प्रथम पूज्य बुद्धि निधि वर दीन्हे॥

Naam Ganesh shambhu tab kinhe.
Pratham poojya buddhi nidhi var dinhe ||

Chaupai 31

बुद्धि परीक्षा जब शिव कीन्हा।
पृथ्वी कर प्रदक्षिणा लीन्हा॥

Buddhi pariksha jab Shiv kinha.
Prithvi kar pradakshina linha ||

Chaupai 32

चले षडानन भरमि भुलाई।
रचे बैठ तुम बुद्धि उपाई॥

Chale shadanan bharmi bhulaee.
Rache baith tum buddhi upaee ||

Chaupai 33

चरण मातु-पितु के धर लीन्हें।
तिनके सात प्रदक्षिण कीन्हें॥

Charan matu-pitu ke dhar linhen.
Tinke saat pradakshin kinhen ||

Chaupai 34

धनि गणेश कहि शिव हिय हर्ष्यो।
नभ ते सुरन सुमन बहु वर्ष्यो॥

Dhani Ganesh kahi Shiv hiy harshyo.
Nabh te suran suman bahu varshyo ||

Chaupai 35

तुम्हरी महिमा बुद्धि बड़ाई।
शेष सहस मुख सके न गाई॥

Tumhari mahima buddhi badaee.
Shesh sahas mukh sake na gaee ||

Chaupai 36

मैं मतिहीन मलीन दुखारी।
करहुँ कौन विधि विनय तुम्हारी॥

Main matihin malin dukhari.
Karhun kaun vidhi vinay tumhari ||

Chaupai 37

भजत रामसुन्दर प्रभुदासा।
लग प्रयाग ककरा दुर्वासा॥

Bhajat ramsundar prabhudasa.
Lag prayag kakra durvasa ||

Chaupai 38

अब प्रभु दया दीन पर कीजै।
अपनी भक्ति शक्ति कुछ दीजै॥

Ab prabhu daya din par kijai.
Apni bhakti shakti kuchh dijai ||

Closing Doha 1

श्री गणेश यह चालीसा, पाठ करै धर ध्यान।
नित नव मंगल गृह बसै, लहै जगत सन्मान॥

Shri Ganesh yah chalisa, path karai dhar dhyaan.
Nit nav mangal grih basai, lahai jagat sanman ||

Closing Doha 2

सम्वत् अपन सहस्र दश, ऋषि पंचमी दिनेश।
पूरण चालीसा भयो, मंगल मूर्ति गणेश॥

Samvat apan sahasra dash, rishi panchami dinesh.
Pooran chalisa bhayo, mangal moorti Ganesh ||

Meaning, sources and more prayers: sanatanbodh.in/en/prayers/ganesh-chalisa/